भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2014

जिसका उत्तर 30.07.2026 को दिया जाना है

कोंकण क्षेत्र में तटीय सड़क परियोजना

2014. श्री नारायण तातू राणे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोंकण क्षेत्र में प्रस्तावित तटीय सड़क परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त प्रयोजन हेतु स्वीकृत निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त परियोजना को कब तक पूर्ण किए जाने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। कोंकण क्षेत्र में प्रस्तावित तटीय सड़क परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं है। महाराष्ट्र राज्य सरकार ने अपने स्वयं के व्यय पर इस तटीय सड़क परियोजना के विकास का कार्य आरंभ किया है।

*****